भारत सरकार
सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं. 506**
जिसका उत्तर 28.11.2024 को दिया जाना है
**राज्य राजमार्गों का राष्ट्रीय राजमार्गों में उन्नयन**

506. श्री मगुंटा श्रीनिवासुलू रेड्डी:
श्री पुट्टा महेश कुमार:

क्या सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:
(क) आंध्र प्रदेश सहित राज्य-वार, विशेष रूप से प्रकाशम और एलुरु जिलों से गुजरने वाले उन राज्य राजमार्गों की संख्या का ब्यौरा जिनका विगत पांच वर्षों में राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में उन्नयन किया गया है;
(ख) विगत पांच वर्षों में आंध्र प्रदेश सहित राज्य-वार, विशेषकर प्रकाशम और एलुरु जिलों से गुजरने वाले राज्य राजमार्गों के लिए प्रस्तुत, विचाराधीन, स्वीकृत और अस्वीकृत प्रस्तावों की कुल संख्या का ब्यौरा क्या है; और
(ग) विगत पांच वर्षों में राज्य राजमार्गों को राष्ट्रीय राजमार्गों में उन्नत करने के प्रयोजनार्थ आंध्र प्रदेश सहित राज्य-वार तथा विशेषकर प्रकाशम और एलुरु जिलों में राजमार्गों पर किए जाने वाले कार्यों के लिए आवंटित कुल धनराशि का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री
(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) और (ख) सरकार को समय-समय पर आंध्र प्रदेश सरकार सहित विभिन्न राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र (यूटी) से राज्यीय राजमार्गों (एसएच) सहित राज्य की सड़कों को नए राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच) के रूप में घोषित करने/उन्नयन करने के प्रस्ताव प्राप्त होते रहते हैं। राष्ट्रीय राजमार्गों की घोषणा, संपर्कता की आवश्यकता, परस्पर प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के व्यापक सिद्धांतों के आधार पर निर्णय लिए जाते हैं।

विगत पांच वर्षों के दौरान, आंध्र प्रदेश राज्य सहित, राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में अधिसूचित राज्यीय सड़कों, जिनमें राज्य राजमार्ग और ग्रीनफील्ड खंड शामिल हैं, का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा अनुबंध-I में दिया गया है।

आंध्र प्रदेश राज्य के एलुरु और प्रकाशम जिलों से गुजरने वाले तीन राष्ट्रीय राजमार्गों (एनएच-216एच, एनएच-365बीजी और एनएच-544जी) को विगत पांच वर्षों के दौरान, अर्थात 01.04.2019 से अधिसूचित किया गया है।

(ग) राष्ट्रीय राजमार्गों का विकास और रखरखाव एक सतत प्रक्रिया है और राष्ट्रीय राजमार्गों पर कार्य यातायात घनत्व, सड़कों की स्थिति, पारस्परिक प्राथमिकता और निधियों की उपलब्धता के आधार पर किया जाता है।

राज्यीय राजमार्गों सहित सभी राज्य सड़कों का विकास और रखरखाव संबंधित राज्य सरकारों की जिम्मेदारी है।

विगत पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए आबंटित धनराशि और किए गए व्यय का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा, जिसमें आंध्र प्रदेश राज्य (प्रकाशम और एलुरु जिले सहित) शामिल हैं, अनुबंध-II में दिया गया है।

**अनुबंध- I**

**'राज्य राजमार्गों का राष्ट्रीय राजमार्गों में उन्नयन' के संबंध में श्री मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी और श्री पुट्टा महेश कुमार द्वारा दिनांक 28.11.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 506 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**पिछले पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के रूप में अधिसूचित राज्य सड़कों, राज्य राजमार्गों और ग्रीनफील्ड खंडों सहित, का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा, जिसमें आंध्र प्रदेश राज्य भी शामिल है : -**

**लंबाई किमी में**

| क्र.स. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2019-20 | 2020-21 | 2021-22 | 2022-23 | 2023-24 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश | 0 | 846 | 447 | 481 | 0 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 0 | 0 | 0 | 1,748 | 82 |
| 3 | असम | 0 | 97 | 71 | 0 | 0 |
| 4 | बिहार | 0 | 413 | 169 | 0 | 162 |
| 5 | छत्तीसगढ | 0 | 15 | 0 | 0 | 0 |
| 6 | गोवा | 0 | 6 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | गुजरात | 265 | 844 | 141 | 0 | 214 |
| 8 | हरियाणा | 0 | 71 | 23 | 132 | 0 |
| 9 | जम्मू और कश्मीर | 0 | 0 | 55 | 124 | 59 |
| 10 | झारखंड | 0 | 26 | 37 | 0 | 203 |
| 11 | कर्नाटक | 0 | 77 | 229 | 461 | 69 |
| 12 | केरल | 0 | 0 | 0 | 76 | 0 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 0 | 178 | 121 | 93 | 0 |
| 14 | महाराष्ट्र | 174 | 265 | 122 | 142 | -13 |
| 15 | मणिपुर | 0 | 90 | 0 | 0 | 0 |
| 16 | मिजोरम | 0 | 0 | 0 | 76 | 0 |
| 17 | नगालैंड | 0 | 0 | 123 | 0 | 0 |
| 18 | ओडिशा | 0 | 136 | 0 | 0 | 0 |
| 19 | पुदुचेरी | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 20 | पंजाब | 50 | 775 | 140 | 0 | 0 |
| 21 | राजस्थान | 0 | 8 | 127 | 230 | 0 |
| 22 | सिक्किम | 0 | 246 | 0 | 0 | 0 |
| 23 | तमिलनाडु | 0 | 117 | 0 | 142 | 0 |
| 24 | त्रिपुरा | 0 | 0 | 0 | 35 | 0 |
| 25 | तेलंगाना | 0 | 469 | 661 | 0 | 0 |
| 26 | उत्तराखंड | 0 | 463 | 240 | 0 | 0 |
| 27 | उत्तर प्रदेश | 0 | 94 | 414 | 54 | -129 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 0 | 0 | 9 | 0 | 235 |
| 29 | दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 |

**अनुबंध-II**

**'राज्य राजमार्गों का राष्ट्रीय राजमार्गों में उन्नयन' के संबंध में श्री मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी और श्री पुट्टा महेश कुमार द्वारा दिनांक 28.11.2024 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 506 के भाग (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

पिछले पांच वर्षों के दौरान राष्ट्रीय राजमार्गों के विकास और रखरखाव के लिए आबंटित निधि और किए गए व्यय का राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार ब्यौरा, जिसमें आंध्र प्रदेश राज्य (प्रकाशम और एलुरु जिले सहित) भी शामिल है : -

| | | | | | | | | | | | **राशि करोड़ रुपये में** |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **क्र. स.** | **राज्य/संघ राज्य क्षेत्र** | **2019-20** | | **2020-21** | | **2021-22** | | **2022-23** | | **2023-24** | |
| | | **आवंटन** | **व्यय** | **आवंटन** | **व्यय** | **आवंटन** | **व्यय** | **आवंटन** | **व्यय** | **आवंटन** | **व्यय** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 6,618 | 6,618 | 4,281 | 4,281 | 5,890 | 5,890 | 6,957 | 6,957 | 11,440 | 11,440 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 1,710 | 1,710 | 2,512 | 2,512 | 2,718 | 2,718 | 3,140 | 3,140 | 2,649 | 2,649 |
| 3 | असम | 2,436 | 2,436 | 3,753 | 3,753 | 3,150 | 3,150 | 4,557 | 4,557 | 9,137 | 9,137 |
| 4 | बिहार | 4,392 | 4,392 | 6,716 | 6,716 | 9,174 | 9,174 | 9,347 | 9,347 | 10,749 | 10,749 |
| 5 | छत्तीसगढ | 1,653 | 1,653 | 2,224 | 2,224 | 1,936 | 1,936 | 2,468 | 2,468 | 4,255 | 4,255 |
| 6 | गोवा | 977 | 977 | 734 | 734 | 615 | 615 | 673 | 673 | 620 | 620 |
| 7 | गुजरात | 5,102 | 5,102 | 7,533 | 7,533 | 10,710 | 10,710 | 9,831 | 9,831 | 10,900 | 10,900 |
| 8 | हरियाणा | 6,721 | 6,721 | 10,651 | 10,651 | 7,203 | 7,203 | 3,924 | 3,924 | 6,062 | 6,062 |
| 9 | हिमाचल प्रदेश | 1,238 | 1,238 | 2,033 | 2,033 | 3,164 | 3,164 | 4,534 | 4,534 | 5,175 | 5,175 |
| 10 | झारखंड | 2,312 | 2,312 | 2,627 | 2,627 | 2,853 | 2,853 | 3,127 | 3,127 | 4,599 | 4,599 |
| 11 | कर्नाटक | 7,860 | 7,860 | 5,838 | 5,838 | 7,681 | 7,681 | 6,763 | 6,763 | 12,695 | 12,695 |
| 12 | केरल | 1,265 | 1,265 | 12,831 | 12,831 | 10,136 | 10,136 | 3,994 | 3,994 | 10,419 | 10,419 |
| 13 | मध्य प्रदेश | 6,429 | 6,429 | 8,250 | 8,250 | 9,006 | 9,006 | 6,210 | 6,210 | 7,447 | 7,447 |
| 14 | महाराष्ट्र | 24,166 | 24,166 | 20,844 | 20,844 | 18,655 | 18,655 | 18,355 | 18,355 | 19,867 | 19,867 |
| 15 | मणिपुर | 1,180 | 1,180 | 978 | 978 | 2,142 | 2,142 | 2,737 | 2,737 | 2,598 | 2,598 |
| 16 | मेघालय | 901 | 901 | 861 | 861 | 819 | 819 | 684 | 684 | 1,803 | 1,803 |
| 17 | मिजोरम | 1,252 | 1,252 | 1,238 | 1,238 | 2,054 | 2,054 | 3,218 | 3,218 | 2,189 | 2,189 |
| 18 | नगालैंड | 1,003 | 1,003 | 2,382 | 2,382 | 1,943 | 1,943 | 1,666 | 1,666 | 1,414 | 1,414 |
| 19 | ओडिशा | 3,355 | 3,355 | 5,336 | 5,336 | 4,510 | 4,510 | 4,643 | 4,643 | 5,948 | 5,948 |
| 20 | पंजाब | 2,777 | 2,777 | 3,301 | 3,301 | 7,179 | 7,179 | 10,093 | 10,093 | 12,419 | 12,419 |
| 21 | राजस्थान | 6,515 | 6,515 | 7,340 | 7,340 | 11,353 | 11,353 | 9,719 | 9,719 | 8,874 | 8,874 |
| 22 | सिक्किम | 286 | 286 | 1,053 | 1,053 | 811 | 811 | 1,008 | 1,008 | 684 | 684 |
| 23 | तमिलनाडु | 5,757 | 5,757 | 4,868 | 4,868 | 4,305 | 4,305 | 8,230 | 8,230 | 9,925 | 9,925 |
| 24 | तेलंगाना | 3,048 | 3,048 | 2,907 | 2,907 | 3,458 | 3,458 | 3,622 | 3,622 | 6,117 | 6,117 |
| 25 | त्रिपुरा | 175 | 175 | 1,026 | 1,026 | 1,085 | 1,085 | 1,156 | 1,156 | 1,546 | 1,546 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 13,375 | 13,375 | 18,768 | 18,768 | 13,944 | 13,944 | 21,453 | 21,453 | 28,114 | 28,114 |
| 27 | उत्तराखंड | 2,940 | 2,940 | 2,800 | 2,800 | 2,112 | 2,112 | 3,219 | 3,219 | 4,545 | 4,545 |
| 28 | पश्चिम बंगाल | 2,665 | 2,665 | 2,658 | 2,658 | 3,642 | 3,642 | 3,053 | 3,053 | 3,543 | 3,543 |
| 29 | अंडमान एवं निकोबार | 267 | 267 | 349 | 349 | 246 | 246 | 143 | 143 | 96 | 96 |

राशि करोड़ रुपये में

| क्र. स. | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | 2019-20 | | 2020-21 | | 2021-22 | | 2022-23 | | 2023-24 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **आवंटन** | **व्यय** | **आवंटन** | **व्यय** | **आवंटन** | **व्यय** | **आवंटन** | **व्यय** | **आवंटन** | **व्यय** |
| | द्वीप समूह | | | | | | | | | | |
| 30 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 2 | 2 | 6 | 6 | 1 | 1 | 0 | 0 |
| ३१ | दादरा एवं नगर हवेली | 0 | 0 | 43 | 43 | 30 | 30 | 26 | 26 | 2 | 2 |
| 32 | दमन और दीव | 0 | 0 | | | | | | | | |
| 33 | दिल्ली / मुख्यालय | -743 | -743 | -1,482 | -1,482 | 3,961 | 3,961 | 7,164 | 7,164 | 3,223 | 3,223 |
| 34 | जम्मू और कश्मीर | 2,256 | 2,256 | 2,932 | 2,932 | 6,817 | 6,817 | 7,370 | 7,370 | 10,528 | 10,528 |
| 35 | लद्दाख | 0 | 0 | 24 | 24 | 352 | 352 | 574 | 574 | 658 | 658 |
| 36 | पुदुचेरी | 1 | 1 | 21 | 21 | 1 | 1 | 61 | 61 | 35 | 35 |

**आबंटन – आवंटन; व्यय – व्यय**

**वर्ष के दौरान राज्य के ऐवज में नकारात्मक आंकड़ा उस राज्य से अन्य राज्य को परियोजना/व्यय के हस्तांतरण को दर्शाता है।**

*****